an>

Title: Regarding portrayal of Rani Padmavati in a movie.

श्री चन्द्र प्रकाश जोशी (चित्तौड़गढ़) : माननीय अध्यक्ष जी, यह मेरे संसदीय क्षेत्र चित्तौड़गढ़ से जुड़ा हुआ विÂ◌ाय है। कई लोग प्रसिद्धि और पैसा कमाने के लिए देश के इतिहास को तोड़ मरोड़कर देश और समाज के सामने पेश करने का काम करते हैं। रानी पदमावती के बारे में देश ही नहीं पूरी दुनिया जानती है। उन्होंने अपने सतित्व की रक्षा के लिए 16,000 रानियों के साथ जोहर कर लिया था। एक फिल्म निर्देशक अपनी ख्याति के लिए फिल्म बना रहे हैं, जिसमें उन्हें एक प्रेमिका के रूप में दर्शाया जा रहा है। ऐसे लोग अपनी लीला को बंद कर लें।

मेरा आपके माध्यम से सरकार से आग्रह है कि जो लोग इस प्रकार के तथ्यों को तोड़ मरोड़ कर समाज के सामने पेश करना चाहते हैं, उनके खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए।

माननीय अध्यक्ष: श्री शरद त्रिपाठी, डॉ. वीरेन्द्र कुमार, श्री अर्जुन लाल मीणा, श्री भैरों प्रसाद मिश्र, श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, श्री रामचरण बोहरो, श्री सुधीर गुप्ता, श्री आलोक संजर और श्री रोड़मल नागर को श्री चन्द्र प्रकाश जोशी द्वारा उठाए गए विÂषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।